# वार्षिक प्रतिवेदन 2017–2018

**महाविद्यालय इतिहास** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा के भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा, श्रीमती गीता भुक्कल तत्कालीन शिक्षा मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता एवं श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद लोक सभा रोहतक, श्री जितेंद्र मलिक सांसद, लोकसभा सोनीपत, श्री राव दान सिंह, तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, शिक्षा विभाग हरियाणा व श्री जयवीर सिंह तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 3 फरवरी, 2013 रविवार को संपन्न हुआ।

## भवन निर्माण

उन्नतशील शिक्षा समिति खरखोदा की देखरेख में महाविद्यालय की दो मंजिला भवन का भव्य निर्माण करवाया गया। इस भवन में प्राचार्य कार्यालय, स्टाफ रूम, कार्यालय, दो लघु सेमिनार कक्ष, शिक्षण कक्ष, महिला प्रकोष्ठ कक्ष, विशाल बहुउद्देशीय कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब, दो भूगोल लैब, दो मनोविज्ञान लैब, एक रक्षा अध्ययन लैब, एक स्मार्ट कक्ष, व छात्र–छात्राओं के कॉमन रूम सहित कुल 22 कमरे हैं।

## महाविद्यालय परिवार

हमारे महाविद्यालय में 14 प्राध्यापक नियमित एवं 5 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत है। महाविद्यालय में 2 लिपिक, एक लैब अटेंडेंट, एक सुख सहायक, दो सफाई कर्मचारी, दो माली, दो चौकीदार, एक रेस्टोरर अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब के लिए एक कंप्यूटर अनुदेशक व एक लैब अटेंडेंट अनुबंध पर नियुक्त है।

## महाविद्यालय में आई क्यू एस ई, महिला प्रकोष्ठ प्रभाग, आर टी आई , एनएएसी , प्लेसमेंट सेल , पुस्तकालय इत्यादि सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

## विद्यार्थी संख्या एवं संकाय

महाविद्यालय के सत्र 2017-18 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 430 है। इनमें से 160 विद्यार्थी कला संकाय पास कोर्स प्रथम वर्ष, 153 विद्यार्थी बी.ए. द्वितीय वर्ष व 64 विद्यार्थी बी.ए. तृतीय वर्ष तथा 23 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय बीकॉम प्रथम वर्ष, 24 विद्यार्थी बीकॉम द्वितीय वर्ष व 6 विद्यार्थी बीकॉम तृतीय वर्ष में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## वार्षिक परीक्षा देने वाले अंतिम वर्ष के छात्रों की संख्या कोर्स अनुसार – बी.ए. तृतीय वर्ष – 64 व बी.कॉम. तृतीय वर्ष – 06 .

## विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता एवं छात्रवृत्ति

उत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा समय पर राष्ट्रीय राज्य स्तरीय योग्यता पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति से संबंधित विकलांग तथा छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विशेष उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा

अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति तथा बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) तीनों वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के लिए कंसोलिडेटेड स्टीपेंड स्कीम घोषित की गई है।

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष महाविद्यालय के अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थियों को 2000 रूपये प्रति छात्र पुस्तकों के लिए तथा 1000 रूपये प्रति माह के हिसाब से प्रति छात्र को स्टीपेंड फ़ंड की एक वर्ष की राशि वितरित की जा रही है।

पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को सरकार की तरफ से आधार नंबर के माध्यम से ऑनलाइन प्रणाली के द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की जा रही है।

छात्राएं अंडर ग्रेजुएट मेरिट छात्रवृत्ति के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त राशि - 12वीं कक्षा में टॉपर महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त सात छात्राओं को प्रति छात्रा 3000 रूपये छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

मेरिट प्रोत्साहन छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त हुई राशि को बी.ए., बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 5000, 3000, व 2000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

EARN WHILE YOU LEARN के अंतर्गत इस वर्ष 12 विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय, कार्यालय, भूगोल लैब, मनोविज्ञान लैब, रक्षा अध्ययन व कंप्यूटर लैब में कार्य करने के लिए सरकार के आदेशों के अनुरूप प्रति घंटा सौ रूपये प्रदान किए गए।

## क्रीड़ा जगत

महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र संदीप ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में कुश्ती के अंतर्गत कांस्य पदक प्राप्त किया।

15-16 जुलाई, 2017 को हरियाणा राज्य ग्रेपलिंग चैंपियनशिप, 2017 में 18-19 आयु वर्ग में 84 किलोग्राम भार वर्ग में महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र जसमेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

21-23 जुलाई, 2017 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित दसवीं नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र जसमेल ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

11-13 अक्टूबर, 2017 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित इंटर कॉलेज फ्रीस्टाइल व ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने प्रतिभागिता की।

20-29 अक्टूबर, 2017 को जाट कॉलेज रोहतक में आयोजित इंटर कॉलेज शूटिंग टूर्नामेंट में महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल ने प्रतिभागिता की।

महाविद्यालय के 5 छात्रों संदीप, गौरव, राहुल राणा, जसमेल और मनीष ने एमडीयू में होने वाले इंटर कॉलेज ग्रेपलिंग टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण पदक, एक रजत पदक व दो कांस्य पदक प्राप्त किए।

2-3 नवंबर, 2017 को महाविद्यालय ने पांचवें एथलेटिक मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

4-7 नवंबर, 2017 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट में महाविद्यालय ने प्रतिभागिता की।

13-14 नवंबर, 2017 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट में महाविद्यालय के b.a. प्रथम वर्ष के छात्र आर्यन टोकस ने 105 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

8 सितंबर, 2017 को महाविद्यालय में स्वर्ण जयंती के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ममता, निशा, अंजू, सचिन व अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

15 सितंबर, 2017 को भूगोल विभाग द्वारा इंटर कॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मनीषा, अमन और ममता ने पुरस्कार प्राप्त किए।

16 सितंबर, 2017 को महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नृत्य, गायन, वाद-विवाद, कविता, रंगोली, पेंटिंग, कबाड़ से जुगाड़ कॉलेज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से युवा महोत्सव के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया।

1-15 अक्टूबर, 2017 को महाविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इन प्रतियोगिताओं में ममता, नीरू, छवि व अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

10-12 नवंबर 2017 को कन्या महाविद्यालय खरखोदा में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में महाविद्यालय के छात्रों ने प्रतिभागिता की और अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले छात्रों में मोहित, अरविंद, सोनम, बबीता, अंजू, शीतल, आशीष, छवि, सुमित, नैंसी रहे।

26 जनवरी, 2018 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों अमर, अभिषेक, आशीष, सुमित, विकास व विक्रांत ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय में 8-9 फरवरी, 2018 को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। महाविद्यालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम रस तरंगिणी नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर विधार्थी हरियाणवी संस्कृति से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभागी रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पहले दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न ललित कलाओं के साथ-साथ वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम कमेटी की इंचार्ज सहायक प्राध्यापक श्रीमती किरण सरोहा की देखरेख में किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

13 अक्टूबर, 2017 को एन एस एस एवं महिला प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को रक्तदान का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नारा लेखन पोस्टर मेकिंग के माध्यम से रक्तदान के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम का आयोजन उच्चत्तर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर करवाया गया।

महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर एवं मार्केटिंग बोर्ड की चेयरपर्सन कृष्णा गहलावत उपस्थित रही उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान में आशातीत उन्नति कर ली है लेकिन अब तक कोई भी मशीन ऐसी नहीं बनाई है जिससे रक्त बन सके युवा विद्यार्थियों द्वारा किए गए रक्तदान की उन्होंने भूरी भूरी प्रशंसा की।

महाविद्यालय में 24 फरवरी 2018 को एनएसएस स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने सफाई अभियान चलाया इस शिविर को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश आर्य ने कहा कि स्वयंसेवकों को पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रहित के कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज गीता शर्मा व सहायक प्रोफेसर राजेश मलिक के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कॉलेज के मैदान में साफ सफाई की और जागरूकता रैली निकाली।

11 जुलाई, 2018 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थी ने पहले खुद स्वच्छता के महत्व को समझा और उसके बाद गांव गांव जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाया। यह अभियान कॉलेज प्राचार्य वींरेंद्र दहिया के नेतृत्व में चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को 100 घंटों तक स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सेदारी दर्ज करवानी है। इसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक रैली स्लोगन आदि के माध्यम से न केवल समाज में जागरूकता फैलाई गई बल्कि खुद साफ सफाई को प्राथमिकता देते हुए अपने आसपास सफाई रखी गई। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आसपास के गांव में जाकर भी श्रमदान किया।

12 जुलाई, 2018 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा के छात्रों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गांव छोटी की चौपाल में पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, गीत, बैनर आदि के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सहायक प्राध्यापिका किरण सरोहा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान प्रभारी श्रीमती गीता शर्मा भी अन्य स्टॉफ सदस्यों सहित उपस्थित रही।

## प्लेसमेंट सेल

9 अक्टूबर, 2017 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में प्लेसमेंट सेल की ओर से विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ प्रदीप सिंह ने विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा की जानकारी दी और इसे अपनाने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश आर्य ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में स्टार्टअप इंडिया योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खरखोदा एसडीएम कुशल कटारिया उपस्थित रहे। उन्होंने कहा के युवाओं को नौकरी के पीछे मैं भागने वाला बनना चाहिए और अपना उद्योग स्थापित कर कारोबार करना चाहिए। इस मौके पर कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुरेश बूरा ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षित होकर आगे बढ़ने की जरूरत है महिलाओं को भी शिक्षा में रोजगार की दिशा में आगे आना चाहिए।

## महिला प्रकोष्ठ

13 अक्टूबर, 2017 को एन एस एस एवं महिला प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को रक्तदान का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नारा लेखन पोस्टर मेकिंग के माध्यम से रक्तदान के महत्व को समझाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन उच्चत्तर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर करवाया गया।

## छात्र राजनीति

7 मार्च 2018 को इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने विक्रांत दहिया को इनसो हल्का प्रधान व गौरव झरोठ को राजकीय महाविद्यालय पीपली का इनसो प्रधान बनाया।

## आर.टी. आई

महाविद्यालय में आरटीआई एक्ट 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती किरण सरोहा सूचना अधिकारी एवं श्री संदीप सूचना क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। प्रथम अपीलीय अधिकारी प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश आर्य है।

## आइक्यूएसी IQAC

यूजीसी के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल का गठन किया गया है जिसमें श्रीमती किरण सरोहा, श्रीमती किरण चौहान, श्री दिनेश कुमार एवं डॉ योगेश बाजवान शामिल है।

## एनएएसी NAAC

हमारे महाविद्यालय में NAAC की कमेटी गठित की गई है।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय विद्यार्थी तथा शिक्षकों के ज्ञानार्जन व आत्मविश्वास का सर्वोत्तम स्थान है। इसके महत्व एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हर प्रकार की सुविधा से युक्त एक आधुनिक पुस्तकालय भवन है। जिसमें एक समय में लगभग 30 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 1131 पुस्तकें हैं। आधुनिक युग प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा का युग है। इस ध्येय को सामने रखते हुए समसामयिक घटनाओं की जानकारी व सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए पुस्तकालय में अंग्रेजी व हिंदी में 7 समाचारपत्र तथा 3 पत्रिकाएं मंगवाई जाती है।

## मतदाता पहचान पत्र

श्री दिनेश कुमार प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा व श्रीमती किरण चौहान प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने नोडल अधिकारी की हैसियत से 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं की वोट बनवाने का कार्य सफलतापूर्वक किया।

## विधि साक्षरता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न जिला स्तरीय विधि साक्षरता प्रकोष्ठ ने प्रतिभागिता की।

## कंप्यूटर शिक्षा

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब स्थापित है। कंप्यूटर लैब में 15 कंप्यूटर है। एमडीयू के तहत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही है। श्री राजेश कुमार कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत है। इस शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को थ्योरी व प्रैक्टिकल देना अनिवार्य है। जिसके उपरांत A+ से D तक ग्रेडिंग भी जाती है। हमारे पास एक लैब में प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है।

### विभागीय गतिविधियां

## हिंदी विभाग

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में हिंदी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में 14 सितम्बर, 2017 को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज उप प्राचार्य श्री कृष्ण दहिया व कार्यक्रम संयोजक श्रीमती किरण सरोहा ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएं

किसी भी गतिशील संस्था के विकास के लिए आवश्यकताओं का होना स्वभाविक है। अतः महाविद्यालय की भी कुछ आवश्यकताएं हैं। जो निम्न प्रकार है –

1 विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए हमारे महाविद्यालय की कला संकाय में 80 सीटों की एक ओर यूनिट की आवश्यकता है।

2 विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हमारे महाविद्यालय में आधारभूत आवश्यकताओं की कमी है।

3 विज्ञान की शिक्षा संपूर्ण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय होने से आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को या तो विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है या उससे वंचित रहना पड़ता है। हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता है ताकि आसपास के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल सके।

4 मीडिया के बढ़ते हुए प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बैचलर ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन और पत्रकारिता के विभिन्न अंगों की शिक्षा को आरंभ करना भी महाविद्यालय की एक मुख्य आवश्यकता है।

5 स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में खेल के मैदान की आवश्यकता है।

6 महाविद्यालय में पार्किंग की सुविधा की आवश्यकता है।

7 महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के लिए जलपान गृह की भी आवश्यकता है।

8 महाविद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन को सरल बनाने के लिए बस स्टॉप की आवश्यकता है।

अंत में निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय दिनोंदिन उच्च दिशा में प्रगति कर रहा है। महाविद्यालय के लगातार प्रगति में महाविद्यालय परिवार (शिक्षण एवं गैर शिक्षण) स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आशा है कि महाविद्यालय के कर्मठ व सहयोगी स्टाफ सदस्यों के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। धन्यवाद।

डॉ रविप्रकाश आर्य<br>
प्राचार्य<br>
एसडीएस राजकीय महाविद्यालय खरखोदा, सोनीपत